## संवैधानिक संशोधन

1. संविधान के किस भाग में संविधान की प्रक्रिया का उल्लेख है ?
(अ) भाग I (ब) भाग VIII
(स) भाग XVI (द) भाग XX
उत्तर : (द)

2. संविधान के किस अनुच्छेद में संविधान की प्रक्रिया का उल्लेख है ?
(अ) अनुच्छेद 3 (ब) अनुच्छेद 239
(स) अनुच्छेद 336 (द) अनुच्छेद 368
उत्तर : (द)

3. भारतीय संविधान की कौनसी विशेष व्यवस्था दक्षिण अफ्रीका के संविधान से ली गई है ?
(अ) संसदीय प्रणाली (ब) मूल अधिकार
(स) संविधान संशोधन (द) मूल कर्तव्य
उत्तर : (स)

4. संविधान संशोधन कितने प्रकार से किया जा सकता है ?
(अ) 2 (ब) 3
(स) 4 (द) 5
उत्तर : (ब)

5. संविधान संशोधन हेतु विधेयक सर्वप्रथम कहाँ प्रस्तुत किया जाता है ?
(अ) संसद में किसी एक सदन में
(ब) राज्यसभा में
(स) लोकसभा में
(द) राज्य विधानमंडल में
उत्तर : (अ)

6. संविधान में संशोधन की पहल की जा सकती है–
(अ) केवल लोकसभा में
(ब) केवल राज्य सभा में
(स) केवल राज्य विधान सभाओं में
(द) संसद में किसी एक सदन में
उत्तर : (द)

7. संविधान में संशोधन नहीं किये जा सकते हैं–
(अ) लोकसभा व राज्यसभा के साधारण बहुमत से
(ब) संसद सदस्यों के दो–तिहाई बहुमत से
(स) संसद सदस्यों के दो–तिहाई व राज्यों के एक तिहाई बहुमत से
(द) जनमत संग्रह से
उत्तर : (द)

8. भारत के संविधान में प्रथम संशोधन कब किया गया ?
(अ) 1950 ई. (ब) 1951 ई.
(स) 1953 ई. (द) 1958 ई.
उत्तर : (ब)

9. प्रथम संवैधानिक संशोधन अधिनियम कब बना ?
(अ) 1950 ई. (ब) 1951 ई.
(स) 1952 ई. (द) 1958 ई.
उत्तर : (ब)

10. संविधान के अधिकांश अनुच्छेदों को संषोधित करने के लिए कौनसी प्रक्रिया अपनाई जाती है ?
(अ) साधारण बहुमत
(ब) दो तिहाई बहुमत
(स) दो तिहाई बहुमत एवं राज्यों का अनुमोदन
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

11. प्रथम संवैधानिक संशोधन अधिनियम किससे संबंधित था ?
(अ) देश की सुरक्षा से
(ब) भारत के प्रधानमंत्री की सुरक्षा से
(स) कुछ राज्यों के कृषि–भूमि सुधार से
(द) स्थानीय स्वायत्त शासन से
उत्तर : (स)

12. भूतकालिक प्रभाव से लागू होने वाला अपनी तरह का पहला संविधान संशोधन अधिनियम कौन सा है ?
(अ) 5वाँ (ब) 8वाँ
(स) 10वाँ (द) 13वाँ
उत्तर : (स)

13. किस संविधान संशोधन द्वारा यह व्यवस्था की गई कि राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के चुनाव को इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती है कि निर्वाचक मंडल अपूर्ण है ?
(अ) 9वाँ संशोधन (ब) 11वाँ संशोधन
(स) 12वाँ संशोधन (द) 14वाँ संशोधन .
उत्तर : (ब)

14. किस संविधान संशोधन द्वारा यह व्यवस्था की गई कि उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुलाना आवश्यक नहीं है ?
(अ) 11वाँ संशोधन (ब) 12वाँ संशोधन
(स) 14वाँ संशोधन (द) 18वाँ संशोधन
उत्तर : (अ)

15. निम्न में से कौनसा संशोधन अधिनियम 'मिनी संविधान' माना जाता है ?
(अ) 7वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1956
(ब) 24वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1971
(स) 42वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1976
(द) 44वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1978
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com

16. किस संशोधन द्वारा नागालैंड को राज्य का दर्जा प्रदान किया गया ?
(अ) 12वाँ संशोधन (ब) 13वाँ संशोधन
(स) 14वाँ संशोधन (द) 36वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

17. किस संविधान संशोधन द्वारा पंजाब राज्य को पुनर्गठित करके पंजाब तथा हरियाणा राज्य एवं चंडीगढ़ केन्द्रशासित प्रदेश की स्थापना की गई ?
(अ) 14वाँ संशोधन (ब) 18वाँ संशोधन
(स) 22वाँ संशोधन (द) 35वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

18. संविधान की आठवीं अनुसूची में सिन्धी भाषा को किस संवैधानिक संशोधन द्वारा शामिल किया गया ?
(अ) 15वाँ संशोधन (ब) 21वाँ संशोधन
(स) 24वाँ संशोधन (द) 31वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

19. किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा मेघालय राज्य की स्थापना की गई ?
(अ) 13वाँ संशोधन (ब) 18वाँ संशोधन
(स) 22वाँ संशोधन (द) 36वाँ संशोधन
उत्तर : (स)

20. संसद को मौलिक अधिकारों में संशोधन करने का अधिकार संविधान के किस संशोधन द्वारा दिया गया ?
(अ) 42वाँ संशोधन (ब) 24वाँ संशोधन
(स) 44वाँ संशोधन (द) 45वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

21. देशी नरेशों के प्रिविपर्सों और विशेषाधिकारों को किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा समाप्त किया गया ?
(अ) 24वाँ संशोधन (ब) 26वाँ संशोधन
(स) 27वाँ संशोधन (द) 30वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

22. किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा लोकसभा सीटों की अधिकतम संख्या 545 निर्धारित की गई ?
(अ) 30वाँ संशोधन (ब) 31वाँ संशोधन
(स) 32वाँ संशोधन (द) 33वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

23. किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष कर दी गई ?
(अ) 41वाँ संशोधन (ब) 42वाँ संशोधन
(स) 43वाँ संशोधन (द) 44वाँ संशोधन
उत्तर : (अ)

24. सिक्किम को भारतीय संघ के सह–राज्य का दर्जा किस संशोधन द्वारा प्रदान किया गया ?
(अ) 32वाँ संशोधन (ब) 34वाँ संशोधन
(स) 35वाँ संशोधन (द) 36वाँ संशोधन
उत्तर : (स)

25. सिक्किम को पूर्णतः राज्य का दर्जा किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा दिया गया ?
(अ) 35वाँ संशोधन (ब) 36वाँ संशोधन
(स) 53वाँ संशोधन (द) 22वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

26. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' तथा 'धर्म निरपेक्ष' शब्द जोड़े गए–
(अ) 24वें संशोधन द्वारा (ब) 25वें संशोधन द्वारा
(स) 42वें संशोधन द्वारा (द) 41वें संशोधन द्वारा
उत्तर : (स)

27. शिक्षा को किस संविधान संशोधन के द्वारा राज्य सूची से समवर्ती सूची में लाया गया ?
(अ) 24वाँ संशोधन (ब) 36वाँ संशोधन
(स) 42वाँ संशोधन (द) 44वाँ संशोधन
उत्तर : (स)

28. भारतीय संविधान में किस संशोधन द्वारा नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को सम्मिलित किया गया ?
(अ) 41वाँ संशोधन (ब) 42वाँ संशोधन
(स) 43वाँ संशोधन (द) 44वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

29. किस संविधान संशोधन द्वारा किन्हीं विषेष परिस्थितियों में नीति निर्देशक सिद्धांतों को मूल अधिकारों के ऊपर अधिक महत्व देने का प्रावधान है ?
(अ) 24वाँ संशोधन (ब) 42वाँ संशोधन
(स) 44वाँ संशोधन (द) 16वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

30. संविधान की प्रस्तावना को निम्नलिखित में से किस संवैधानिक संशोधन के अंतर्गत संशोधित किया गया ?
(अ) 31वाँ संशोधन (ब) 34वाँ संशोधन
(स) 42वाँ संशोधन (द) 44वाँ संशोधन
उत्तर : (स)

31. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष', 'समाजवादी' तथा 'राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता' वाक्यांष किस संशोधन द्वारा समाविष्ट किया गया ?
(अ) 40वाँ संशोधन (ब) 42वाँ संशोधन
(स) 44वाँ संशोधन (द) 52वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

32. 42वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 निम्नलिखित में से किस समिति की रिपोर्ट के आधार पर तैयार किया गया ?
(अ) स्वर्ण सिंह समिति
(ब) सरकारिया आयोग
(स) एल.एम. सिंघवी समिति
(द) हुकुम सिंह समिति
उत्तर : (अ)

33. भारतीय संविधान के किस संशोधन द्वारा राष्ट्रपति को कोई मामला मंत्रिपरिषद् के द्वारा पुनर्विचार किये जाने के लिए वापस भेजने का अधिकार दिया गया है ?
(अ) 41वाँ संशोधन (ब) 44वाँ संशोधन
(स) 43वाँ संशोधन (द) 52वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

34. निम्नलिखित में से संविधान के किस संशोधन के द्वारा यह स्पष्ट रूप से बताया गया कि भारत का राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद द्वारा दिए गये परामर्श को मानने हेतु बाध्य है ?
(अ) 42वाँ संशोधन (ब) 38वाँ संशोधन
(स) 25वाँ संशोधन (द) 44वाँ संशोधन
उत्तर : (अ)

35. किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने राज्य के नीति निर्देशक तत्वों को मौलिक अधिकारों की अपेक्षा अधिक प्रभावशाली बनाया ?
(अ) 42वाँ संशोधन (ब) 43वाँ संशोधन
(स) 44वाँ संशोधन (द) 45वाँ संशोधन
उत्तर : (अ)

36. किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा 'वन' को राज्य सूची से समवर्ती सूची में अंतः स्थापित किया गया ?
(अ) 40वाँ संशोधन (ब) 42वाँ संशोधन
(स) 43वाँ संशोधन (द) 44वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

37. 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 से भारतीय संविधान में एक नया अध्याय जोड़ा गया–
(अ) संघीय क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित
(ब) अन्तर्राष्ट्रीय परिषद के निर्माण
(स) मौलिक कर्तव्य
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

38. किस संविधान संशोधन से समाजवादी, धर्मनिपेक्षता तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता शब्द भारतीय संविधान में जोड़े गए थे ?
(अ) 42वाँ संशोधन (ब) 44वाँ संशोधन
(स) 52वाँ संशोधन (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

39. किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों की संख्या को सात से घटाकर छः किया गया ?
(अ) 42वाँ संशोधन (ब) 43वाँ संशोधन
(स) 44वाँ संशोधन (द) 45वाँ संशोधन
उत्तर : (स)

40. संविधान के किस संशोधन द्वारा सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकार की श्रेणी से निकाल दिया गया है ?
(अ) 24वाँ संशोधन (ब) 42वाँ संशोधन
(स) 44वाँ संशोधन (द) 48वाँ संशोधन
उत्तर : (स)

41. न्यायपालिका की गरिमा को पुनर्स्थापित करने की दृष्टि से कौन सा संविधान संशोधन अधिनियम पारि किया गया ?
(अ) 43वाँ संशोधन (ब) 44वाँ संशोधन
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) 48वाँ संशोधन
उत्तर : (स)

42. ''राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद से उसके द्वारा दी गई सलाह पर पुनर्विचार करने की अपेक्षा कर सकेगा और राष्ट्रपति ऐसे पुनर्विचार के बाद दी गई सलाह के अनुसार कार्य करेगा।'' यह उपबंध निम्नलिखित में से किसके द्वारा भारतीय संविधान में अंतः स्थापित किया गया है ?
(अ) 38वाँ संशोधन (ब) 42वाँ संशोधन
(स) 44वाँ संशोधन (द) 52वाँ संशोधन
उत्तर : (स)

43. किस संविधान संशोधन के माध्यम से राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभाध्यक्ष तथा प्रधानमंत्री के निर्वाचन को सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय में चुनौती देने के अधिकार को समाप्त किया गया था ?
(अ) 36वाँ संशोधन (ब) 37वाँ संशोधन
(स) 38वाँ संशोधन (द) 39वाँ संशोधन
उत्तर : (द)

44. दल बदल निरोधक कानून किस संविधान संशोधन विधेयक से संबंधित है ?
(अ) 51वाँ संशोधन (ब) 52वाँ संशोधन
(स) 53वाँ संशोधन (द) 54वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

45. 52वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1985 सम्बन्धित है–
(अ) संघ राज्य क्षेत्र
(ब) दल–बदल तथा अहर्ताएँ
(स) आरक्षण बढ़ाना
(द) प्रिवीपर्स समाप्त
उत्तर : (ब)

46. निम्नलिखित में से किस एक संवैधानिक संशोधन द्वारा मिजोरम को राज्य का दर्जा दिया गया ?
(अ) 55वाँ संशोधन (ब) 52वाँ संशोधन
(स) 53वाँ संशोधन (द) 54वाँ संशोधन
उत्तर : (स)

47. किस संवैधानिक संशोधन द्वारा अरुणाचल प्रदेश को राज्य का दर्जा प्रदान किया गया ?
(अ) 36वाँ संशोधन (ब) 53वाँ संशोधन
(स) 55वाँ संशोधन (द) 56वाँ संशोधन
उत्तर : (स)

48. किस संवैधानिक संशोधन द्वारा गोवा को राज्य का दर्जा प्रदान किया गया ?
(अ) 36वाँ संशोधन (ब) 53वाँ संशोधन
(स) 55वाँ संशोधन (द) 56वाँ संशोधन
उत्तर : (द)

49. किस संवैधानिक संशोधन द्वारा मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई ?
(अ) 61वाँ संशोधन (ब) 63वाँ संशोधन
(स) 60वाँ संशोधन (द) 64वाँ संशोधन
उत्तर : (अ)

50. 74वें संविधान संशोधन का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस संस्था से है ?
(अ) ग्राम पंचायत
(ब) नगर पालिकाएँ
(स) जिला परिषद
(द) कृषि उत्पाद बाजार समितियाँ
उत्तर : (ब)

51. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौनसा एक संशोधन संघ शासित प्रदेश दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में संपरिवर्तित करता है ?
(अ) 69वाँ संशोधन (ब) 70वाँ संशोधन
(स) 73वाँ संशोधन (द) 74वाँ संशोधन
उत्तर : (अ)

52. किस संवैधानिक संशोधन के द्वारा राष्ट्रीय क्षेत्र दिल्ली तथा संघ शासित क्षेत्र पांडिचेरी के विधानसभा सदस्यों को राष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल में शामिल करने का प्रावधान किया गया ?
(अ) 69वाँ संशोधन (ब) 70वाँ संशोधन
(स) 71वाँ संशोधन (द) 73वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

53. किस संवैधानिक संशोधन द्वारा संविधान की आठवीं अनुसूची में तीन भाषाओं मणिपुरी, नेपाली और कोंकणी को शामिल किया गया ?
(अ) 21वाँ संशोधन (ब) 52वाँ संशोधन
(स) 71वाँ संशोधन (द) 97वाँ संशोधन
उत्तर : (स)

54. भारत के संविधान के 73वें संशोधन का सम्बन्ध है–
(अ) केंद्र–राज्य संबंध में
(ब) सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियों से
(स) संसद सदस्यों के वेतन तथा विशेषाधिकारों से
(द) पंचायती राज व्यवस्था से
उत्तर : (द)

55. भारतीय संविधान के किस संशोधन में नगरीय स्थानीय सरकारों को संवैधानिक दर्जा दिया था ?
(अ) 73वाँ संशोधन (ब) 74वाँ संशोधन
(स) 71वाँ संशोधन (द) 72वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

56. किस संवैधानिक संशोधन द्वारा महिलाओं के लिए नगरपालिकाओं एवं ग्राम पंचायतों में एक तिहाई सीटों के आरक्षण की व्यवस्था की गई है ?
(अ) 73वाँ संशोधन (ब) 74वाँ संशोधन
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) 82वाँ संशोधन
उत्तर : (स)

57. किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा लोकसभा तथा विधान सभाओं की सीटों की संख्या वर्ष 2026 तक कोई परिवर्तन न करने का प्रावधान किया गया है ?
(अ) 83वाँ संशोधन (ब) 84वाँ संशोधन
(स) 86वाँ संशोधन (द) 92वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

58. भारतीय संविधान के किस संशोधन अधिनियम द्वारा 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों के लिए शिक्षा के अधिकार को मूल अधिकार बनाया गया है ?
(अ) 84वाँ संशोधन (ब) 86वाँ संशोधन
(स) 92वाँ संशोधन (द) 76वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

59. निम्नलिखित में से कौन से संशोधन के पश्चात् बोडो और डोंगरी भाषाएँ आठवीं अनुसूची में शामिल की गई थी ?
(अ) 91वाँ संशोधन (ब) 92वाँ संशोधन
(स) 81वाँ संशोधन (द) 85वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

60. भारत के संविधान में नवीं अनुसूची किस संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़ी गयी ?
(अ) तीसरा संशोधन अधिनियम
(ब) चौथा संशोधन अधिनियम
(स) पहला संशोधन अधिनियम
(द) छठा संशोधन अधिनियम
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com

61. 91वाँ संविधान संशोधन विधेयक मंत्रिपरिषद को कितना प्रतिशत तक सीमित करने के लिए जारी किया गया है ?
(अ) 10 प्रतिशत (ब) 8 प्रतिशत
(स) 12 प्रतिशत (द) 15 प्रतिशत
उत्तर : (द)

62. 42वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया नया अनुच्छेद सम्बन्धित है–
(अ) सम्पत्ति के अधिकार से
(ब) मूल कर्तव्यों से
(स) भूमि सुधार से
(द) व्यवसाय से
उत्तर : (ब)

63. किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा अनुसूचित जनजातियों हेतु एक पृथक राष्ट्रीय आयोग की स्थापना का प्रावधान किया गया है ?
(अ) 86वाँ संशोधन (ब) 89वाँ संशोधन
(स) 91वाँ संशोधन (द) 92वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

64. निम्नलिखित संवैधानिक संशोधनों में से कौन से राज्यों से निर्वाचित होने वाले लोक सभा के सदस्यों की संख्या में वृद्धि करने से संबंधित है ?
(अ) आठवाँ और बाईसवाँ
(ब) तेहरवाँ और अड़तीसवाँ
(स) सातवाँ और इकतीसवाँ
(द) ग्यारहवाँ और बयालीसवाँ
उत्तर : (स)

65. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस एक संशोधन द्वारा राष्ट्रपति को भी मामला मंत्रिपरिषद द्वारा पुनर्विचार किये जाने के लिए वापस भेजने का अधिकार दिया गया है ?
(अ) 39वाँ संशोधन (ब) 40वाँ संशोधन
(स) 42वाँ संशोधन (द) 44वाँ संशोधन
उत्तर : (द)

66. 42वाँ संविधान संशोधन विधेयक सम्बन्धित है–
(अ) नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों से
(ब) सम्पत्ति के अधिकार से
(स) 42वें संविधान संशोधन अधिनियम से
(द) राज्यपाल के विवेकाधिकार से
उत्तर : (अ)

67. निम्नलिखित संविधान संशोधन अधिनियमों में से किस एक के अंतर्गत भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में चार भाषाएँ जोड़ी गई, जिनसे उनकी संख्या बढ़कर 22 हो गई ?
(अ) 90वाँ संशोधन (ब) 92वाँ संशोधन
(स) 83वाँ संशोधन (द) 85वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

68. 42वें संविधान संशोधन उल्लेखनीय है, क्योंकि–
(अ) नीति निर्देशक तत्वों को मौलिक अधिकारों पर वरीयता प्रदान करता है
(ब) मौलिक अधिकारों को नीति निर्देशक तत्वों पर वरीयता प्रदान करता है
(स) जम्मू–कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करता है
(द) सिक्किम को विशेष दर्जा प्रदान करता है
उत्तर : (अ)

69. भारत के संविधान में मौलिक कर्तव्य किस संविधान संशोधन के द्वारा जोड़ा गया है ?
(अ) 32वाँ संशोधन अधिनियम
(ब) 42वाँ संशोधन अधिनियम
(स) 15वाँ संशोधन अधिनियम
(द) 46वाँ संशोधन अधिनियम
उत्तर : (ब)

70. भारत के 44वें संशोधन द्वारा निम्नलिखित अधिकार को मौलिक अधिकार की श्रेणी से हटा दिया गया–
(अ) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
(ब) संवैधानिक उपचार
(स) सम्पत्ति का अधिकार
(द) धर्म की स्वतंत्रता
उत्तर : (स)

71. निम्नलिखित संविधान संशोधनों में से कौन सा एक बताता है कि मंत्रिमंडल में कुल मंत्रियों की संख्या प्रधानमंत्री को सम्मिलित करते हुए लोकसभा के कुल सदस्यों की संख्या के पंद्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होगी ?
(अ) 91वाँ संशोधन (ब) 92वाँ संशोधन
(स) 90वाँ संशोधन (द) 85वाँ संशोधन
उत्तर : (अ)

72. संविधान का 93वाँ संशोधन विधेयक संबंधित है–
(अ) सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण जारी रखने में
(ब) 6 और 14 वर्ष के बीच की आयु के बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा से
(स) सरकारी भर्तियों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिषत पदों के आरक्षण से
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

73. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51A नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों से सम्बन्धित है। इसे किस संविधान संशोधन से लाया गया था ?
(अ) 46वाँ संशोधन (ब) 42वाँ संशोधन
(स) 71वाँ संशोधन (द) 73वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

74. निम्नलिखित संविधान संशोधन अधिनियमों में से किस एक में यह प्रावधान है कि केन्द्र और किसी राज्य में मंत्रिपरिषद का आकार क्रमशः लोकसभा के सदस्यों की कुल संख्या व उस राज्य की विधान सभा के सदस्यों की कुल संख्या के 15 प्रतिषत से अधिक नहीं होगा ?
(अ) 91वाँ संशोधन (ब) 93वाँ संशोधन
(स) 95वाँ संशोधन (द) 97वाँ संशोधन
उत्तर : (अ)

75. 104वाँ संविधान संशोधन विधेयक किससे संबंधित था ?
(अ) कुछ राज्यों में विधान परिषद् के उत्सादन से
(ब) भारत के बाहर रहने वाले भारतीय मूल के लोगों के लिए द्वैध नागरिकता आरम्भ करने से
(स) निजी शिक्षा संस्थाओं में सामाजिक तथा आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों के लिए कोटा प्रदान करने से
(द) केंद्र सरकार के अधीन नौकरियों पर धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए कोटा प्रदान करने से
उत्तर : (स)

76. कौनसा संवैधानिक संशोधन राज्यों से चुने जाने वाले लोकसभा के सदस्यों की संख्या बढ़ाने से संबंधित है ?
(अ) छठा और बाईसवाँ
(ब) तेरहवाँ और अड़तीसवाँ
(स) सातवाँ और इकतीसवाँ
(द) ग्यारहवाँ और बयालीसवाँ
उत्तर : (स)

77. निम्नलिखित में से भारतीय संविधान का कौनसा संशोधन पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्रदान करता है ?
(अ) 71वाँ संशोधन (ब) 72वाँ संशोधन
(स) 73वाँ संशोधन (द) 72वाँ संशोधन
उत्तर : (स)

78. भारतीय संघ से किसी राज्य को पृथक होने को किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा प्रतिबंधित किया गया है ?
(अ) संविधान के 35वें संशोधन अधिनियम, 1974
(ब) संविधान के 29वें संशोधन अधिनियम, 1972
(स) संविधान के 22वें संशोधन अधिनियम, 1969
(द) संविधान के 16वें संशोधन अधिनियम, 1963
उत्तर : (द)

79. किस संविधान संशोधन एक्ट के तहत मतदाताओं की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई ?
(अ) 61वाँ संशोधन (ब) 62वाँ संशोधन
(स) 63वाँ संशोधन (द) 64वाँ संशोधन
उत्तर : (अ)

80. संविधान संशोधन करने के विधेयक को वीटो करने की राष्ट्रपति की शक्ति 'सहमति देनी होगी' शब्द से स्थानापन्न करके किस संशोधन द्वारा छीन ली गई ?
(अ) 24वाँ संशोधन (ब) 42वाँ संशोधन
(स) 44वाँ संशोधन (द) 23वाँ संशोधन
उत्तर : (अ)

81. भारतीय संविधान के संशोधनों में से कौनसा संशोधन केन्द्रीय मंत्रिमंडल के आकार को सीमित करता है ?
(अ) 78वाँ संशोधन (ब) 91वाँ संशोधन
(स) 90वाँ संशोधन (द) 92वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

82. किस संशोधन द्वारा संविधान में मौलिक कर्तव्य सम्मिलित किये गये ?
(अ) 42वां संशोधन (ब) 43वां संशोधन
(स) 44वां संशोधन (द) 46वां संशोधन
उत्तर : (अ) RPSC IIgr. Teacher 2011

————

www.rajstudents.com